FORM NO III

फर्द अहकाम

(नियम 26)

APP-A

Crim-1

अज अदालत राजस्व अपील प्राधिकारी अजमेर

जगदीश पुत्र श्री मिश्रीलाल गुर्जर, नि० मांकला; तह० व जिला अजमेर बनाम राज० सरकार जरिये तहसीलदार महोदय अजमेर

किस्म मुकदमा प्रा०पत्र (रेस्टोरेशन) नम्बर 28/2021 सन् 20 ( ) अजमेर

2021/28

तारीख पेशी	हुक्म या कार्यवाही मय हस्ताक्षर श्री अभिषेक शर्मा श्री राजकीय अभिभाषक	नम्बर व तारीख अहकाम जोइस हुक्म की तामील जारी हुए
2.2.21	यह प्रार्थना पत्र (रेस्टोरेशन) श्री अभिषेक शर्मा एड़वोकेट नें न्यायालय हाजा के द्वारा दिनांक 01.1.2021 को अपील अदम हाजरी एवं अदम पैरवी में खारिज किये जाने से प्रस्तुत किया गया। प्रार्थना पत्र बाद जॉच रिपोर्ट होकर पेश किया गया। प्रार्थना पत्र दर्ज रजिस्टर हों। प्रार्थना पत्र की प्रति राजकीय अभिभाषक को दी गई। प्रार्थना पत्र रेस्टोरेशन पर अभिभाषक उभयपक्ष को सुना गया। अभिभाषक प्रार्थी ने दौराने बहस प्रार्थना पत्र निवेदन किया कि उपरोक्त उनवानी अपील मान्नीय न्यायालय में विचाराधीन थी। जिसमें गत तारीख पेशी दिनांक 01.01.2021 को अपीलांट अधिवक्ता अन्य कार्य में व्यस्त होने के कारण वरवक्त आवाज तारीख पेशी पर उपस्थित नहीं हो सकें इसलिए अपील अदम हाजरी एवं अदम पैरवी में खारिज कर दी गयी है न्यायालय हाजा से अनुरोध है कि प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाकर अपील का निर्णय गुणावगुण पर पारित किये जाने के आदेश प्रदान करावें। राजकीय अभिभाषक ने दौराने जवाब प्रार्थना पत्र निवेदन किया कि अभिभाषक अपीलांट व अपीलांट के उपस्थित नहीं होने से अपील को विधि सम्मत अदम हाजरी एवं अदम पैरवी में खारिज की है। प्रार्थना पत्र को कोस्ट लगाकर न्यायहित में स्वीकार किया जावें। अभिभाषक प्रार्थी व अप्रार्थी संख्या 01 की बहस पर मनन किया गया एवं प्रार्थना पत्र व अपील का अवलोकन किया गया। बाद अवलोकन न्यायहित प्रार्थना पत्र को स्वीकार किया जाकर अपील का निर्णय गुणावगुण पर करना उचित समझते है। **अतः प्रार्थना पत्र वास्ते अपील को पुनः नम्बर पर लिये जाने बाबत् को स्वीकार किया जाता है एवं अपील को पुनः नम्बर पर लिये जाने के आदेश दिये जाते हैं। पत्रावली फैसलशुमार होकर नम्बर से कम हो।** राजस्व अपील प्राधिकारी अजमेर	